नई दिल्ली | शुक्रवार, 13 नवंबर 2020

अमर उजाला

वर्ष 18 | अंक 216 | पृष्ठ : 20+8+6+16 | मूल्य : साढ़े चार रुपये

त्योहार पर रेडी टू मूव फ्लैट में निवेश कर रहे हैं खरीदार

विशेष परिचर्चा

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। रियल एस्टेट सेक्टर में नवरात्र से लेकर दिवाली के दौरान लोग निवेश में दिलचस्पी ले रहे हैं। रियल एस्टेट डेवलपर्स की माने तो रेडी टू मूव फ्लैट और नई बुकिंग हो रही है। हालांकि, पुराने कब्जे का कहीं कोई अता पता भी नहीं है यानी जो लोग फंसे हुए हैं उनको फ्लैट मिलेगा या नहीं इसकी कोई जानकारी नहीं है।

अधिकांश फ्लैट खरीदारों ने दिवाली के दौरान यह उम्मीद लगाई थी कि उनकी पुरानी बुकिंग पर कब्जा उन्हें मिलेगा, लेकिन इसमें निराशा हाथ लगी है। फिलहाल, जो लोग निवेश करना चाहते हैं, उन्होंने अब दिलचस्पी लेना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि रियल एस्टेट सेक्टर में आशा की किरण जगी है प्रस्तुत है रिपोर्ट....

"त्योहारों के सीजन में रियल एस्टेट सेक्टर में खरीदारों का रुझान बढ़ा है। लोग ज्यादातर लोग रेडी टू मूव फ्लैट लेना चाहते हैं। हमारी कंपनी ने हाल ही में 170 फ्लैट बेचे हैं और उनको नियमित रूप से कब्जा दे रहे हैं।

- अमित मोदी, निदेशक, एबीए कॉर्प

"त्योहारों के सीजन में फ्लैट खरीदारों की ओर से अच्छी बुकिंग हो रही है। हाल ही में सेक्टर-16 ग्रेटर नोएडा के गुलशन बेलिना में 25 फ्लैट बेचे हैं। अब कब्जा भी दिया जा रहा है। दिवाली तक लोगों का पॉजिटिव रवैया है।

-दीपक कपूर, निदेशक गुलशन ग्रुप

"बिल्डरों की तरफ से कई ऑफर दिए जा रहे हैं। कब्जे तक कोई ईएमआई नहीं, अतिरिक्त भुगतान नहीं, फ्लेक्सिबल पेमेंट ऑप्शन, सोने व चांदी के सिक्के, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शामिल हैं।

- सुबोध गोयल, सचिव क्रेडाई वेस्टर्न यूपी



"सुपरटेक ने नवरात्र से लेकर दिवाली तक 500 घर देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। अभी तक अलग-अलग प्रोजेक्ट साइटों पर 350 घर दिए गए हैं। दिवाली तक 150 अन्य को घर देने की योजना है। **- आरके अरोड़ा, सीएमडी सुपरटेक**

"कंपनी ने 800 घरों का कब्जा दिया है, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे व गाजियाबाद के प्रोजेक्ट शामिल हैं। खरीदारों को प्रोजेक्टों में कई ऑफर भी दे रहे हैं जिनमे पेमेंट प्लान, 6.9 इंटरेस्ट रेट पर लोन, मॉड्यूलर किचन, एसी, एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन, चिमनी जैसे नौ सामान दिए जा रहे हैं। **- अशोक गुप्ता, सीएमडी, अजनारा ग्रुप**

"कंपनी की तरफ से त्योहारी सीजन में नोएडा, ग्रेनो व यमुना प्राधिकरण एरिया में 2000 खरीदारों को फ्लैट व प्लॉट दिए गए हैं। साथ ही, 2000 दुकानों और 800 ऑफिसों पर खरीदारों को कब्जा दिया गया है। यमुना प्राधिकरण में प्लॉट लेने वालों को कुल कीमत पर पांच फीसदी छूट का ऑफर दिया गया है।

- मनोज गौड़, एमडी, गौड़ संस ग्रुप